ऑपरेशन शील्ड

चर्चा में क्यों?

31 मई, 2025 को, **हरियाणा के अधिकारियों ने आपातकालीन तैयारियों** और प्रतिक्रिया क्षमताओं को मज़बूत करने के लिये **"ऑपरेशन शील्ड"** नामक **नागरिक सुरक्षा अभ्यास** किया।

मुख्य बिंदु

- **कृत्रिम आपातकालीन परिदृश्य:** कृत्रिम **अभ्यास में** स्वयंसेवकों द्वारा घायल पीड़ितों, अग्निशमन कार्यों और आपातकालीन निकासी के दृश्यों को शामिल किया गया।
    - अभ्यास में **हवाई हमलों, ड्रोन हमलों और अन्य युद्धकालीन आपात स्थितियों पर ध्यान केंद्रित किया गया** ताकि प्रतिक्रिया तंत्र का परीक्षण किया जा सके।
    - इस अभ्यास में **अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं, पुलिस बलों,** स्वास्थ्य विभागों, आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों, नागरिक सुरक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) और राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) के प्रशिक्षित स्वयंसेवकों सहित विभिन्न विभागों के बीच **समन्वय देखा गया।**

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

- NSS **भारत सरकार, युवा मामले और खेल मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है,** जिसे वर्ष **1969 में** स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से **छात्र युवाओं के व्यक्तित्व** और चरित्र को विकसित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।
    - NSS की विचारधारा महात्मा गांधी के आदर्शों से प्रेरित है। इसका आदर्श वाक्य है **"मैं नहीं, बल्कि आप।"**
- यह योजना **+2 बोर्ड स्तर पर 11वीं और 12 वीं कक्षा के छात्र युवाओं के** साथ-साथ भारत के तकनीकी संस्थानों, स्नातक और स्नातकोत्तर महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों के छात्रों को **विभिन्न सरकारी सामुदायिक सेवा गतिविधियों एवं कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्रदान करती है।**

राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC)

- **राष्ट्रीय कैडेट कॉर्प्स:**
    - NCC का गठन वर्ष 1948 (एच.एन. कुंजरु समिति-1946 की सिफारिश पर) में किया गया था और इसकी जड़ें ब्रिटिश युग में गठित युवा संस्थाओं, जैसे-यूनिवर्सिटी कॉर्प्स या यूनिवर्सिटी ऑफिसर ट्रेनिंग कॉर्प्स (University Corps or University Officer Training Corps) में हैं।
        - इसके इतिहास को 'यूनिवर्सिटी कॉर्प्स' (University Corps) से जाना जा सकता है, जिसे भारतीय सेना में कर्मियों की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से भारतीय रक्षा अधिनियम, 1917 के तहत निर्मित किया गया था।
        - बाद में वर्ष 1949 में NCC का विस्तार गर्ल्स डिवीज़न को शामिल करने हेतु किया गया ताकि देश की रक्षा के लिये इच्छुक महिलाओं को समान अवसर प्रदान किया जा सके।
    - NCC विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन है। यह हाई स्कूल और कॉलेज स्तर पर कैडेटों का नामांकन करता है तथा विभिन्न चरणों के पूरा होने पर प्रमाण पत्र भी प्रदान करता है।
        - NCC कैडेट विभिन्न स्तरों पर बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं और इसमें सशस्त्र बलों तथा उनके कामकाज से संबंधित शैक्षणिक पाठ्यक्रम की बुनियादी बातें भी शामिल हैं।
- **मंत्रालय:**
    - NCC **रक्षा मंत्रालय** के दायरे में आता है और इसका नेतृत्व थ्री स्टार सैन्य रैंक का महानिदेशक करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/operation-shield